कार्यक्रम

दुबे कॉलोनी मोड़ सोमनाथ मंदिर के पास किया गया आयोजन, महापौर, अध्यक्ष, आयुक्त और पार्षदों की रही उपस्थिति

मनोरंजन के साथ स्वच्छता का लिया संकल्प

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा आयोजित राहगीरी डे इस रविवार शहर में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी का प्रेरणादायी उत्सव बनकर उभरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अंतर्गत दुबे कॉलोनी मोड़ से सोमनाथ मंदिर तक आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सुबह का वातावरण उत्साह, ऊर्जा, फिटनेस गतिविधियों और स्वच्छता संदेशों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त तपस्या परिहार सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, डॉक्टरों, शिक्षाविदों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। राहगीरी मार्ग पर लोगों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ स्वच्छ, जागरूक शहर निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत योग और सामूहिक व्यायाम गतिविधियों से हुई, जहां नागरिकों ने नियमित दिनचर्या और फिट जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कटनी एक्सरसाइज ग्रुप द्वारा विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम कराए गए। साथ ही सांप-सीढ़ी, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, चम्मच-नींबू दौड़, स्केटिंग, शतरंज, कैरम, पेंटिंग प्रतियोगिता और अन्य पारंपरिक खेलों में बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय कलाकारों, संगीत विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। जुंबा, हॉर्स राइडिंग और कार्टून कैरेक्टर गतिविधियां बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहीं। राहगीरी डे के दौरान नुक्कड़ नाटक, रंगोली, जनसंदेश आधारित गतिविधियों और जागरूकता स्टॉलों के माध्यम से स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त जीवन, जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का प्रभावी संदेश प्रसारित किया गया। नागरिकों को स्वच्छ आदतें अपनाने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने, जल स्रोतों के संरक्षण और नियमित व्यायाम के प्रति प्रेरित किया गया। महापौर ने कहा कि राहगीरी डे सिर्फ मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वास्थ्य, जागरूक और जिम्मेदार जीवनशैली से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। निगमाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को तुलसी के पौधे और कपड़े के थैले भेंट किए गए। इसके माध्यम से नगर निगम ने स्वच्छता, हरित पर्यावरण और सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त जीवन का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित किया। राहगीरी डे कार्यक्रम के दौरान पूर्व महापौर रूक्मणी बर्मन, मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद, सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी अन्य उपस्थित रहे।

पेड़ से टकराई कार, एक युवक की मौत, चार गंभीर

बड़वारा थाना क्षेत्र के मझगवां पठरा के बीच हुआ हादसा

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार मझगवां और पठरा के बीच टोल नाके के पास से पेढ़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और चार युवक गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि मझगवां-पठरा गांव के बीच टोल नाके के पास एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल हुए युवकों को कार से बाहर निकाल कर इलाज के लिए भिजवाया। इलाज के दौरान कार सवार कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना मोड़ निवासी आशिक सुहाने (21) की मौत हो गई है, हादसे में घायल वेद सोनी, कृष्णा शर्मा, संभव सोनी, रत्नेश घुरिया और प्रथम लहरिया का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है सभी युवक बांधवगढ़ जा रहे थे, कार काफी तेज रफ्तार में थी, यह वजह है कि कार चलाने वाले युवक स्टेयरिंग से नियंत्रण खो गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कार के अंदर युवक फंस गए थे, काफी मशक्कत बाद घायल युवकों को कार से निकाला है।

एक नजर में

जिले के किसानों के लिए आई 495 मीट्रिक टन यूरिया

नवभारत, कटनी। फसलों के लिए यूरिया खाद की एक रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 495 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण नहीं हो। किसान की जमीन और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेता। सशुल्क सेवा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर, केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी सहकारी समिति या निजी विक्रेता बिना ई-टोकन के खाद का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध उर्वरक आदेश के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी किसानों से कहा गया है कि वे अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सिर्फ संतुलित उर्वरकों का ही उपयोग करें। अनावश्यक खाद का प्रयोग न सिर्फ लागत बढ़ाता है, बल्कि भूमि की उर्वरक शक्ति को भी नुकसान पहुंचाता है। रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र को 150 मीट्रिक टन व बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र और मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 60-60 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अधिकारियों को लगातार मॉनीटरिंग करने और कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के लिए कहा गया है।

20 हजार रूपए की शराब सहित दो युवक गिरफ्तार

दो पहिया वाहन से की जा रही थी शराब की अवैध तस्करी

नवभारत, कटनी। कुठला थाना की बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों को चार पेटी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब और दो पहिया वाहन को जब्त कर लिया है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 20 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि 1 मई को दो व्यक्तियों को चार पेटी देसी शराब सहित पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरेपी रीठी थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी दीपक पिता प्रहलाद यादव और सतना जिले के कोठी गांव निवासी अनमोल पिता धीरेन्द्र सिंह बघेल हैं। कार्रवाई में बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडेय, सहायक उप निरीक्षक राम सिंह, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता, आरक्षक सौरभ जैन, दिलकेश्वर सिंह, संदीप भलावी की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।

अंधा मोड़, खुली पुलिया और सुरक्षा इंतजामों के अभाव से हो रहे हादसे

ढेरा फाटक पर फिर हुआ हादसा, चार गंभीर

नवभारत, बालक। दमोह मार्ग पर स्थित ढेरा फाटक मोड़ एक बार फिर सड़क हादसे का गवाह बना। शनिवार को यहां हुए हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह इस स्थान पर लगातार तीसरी दुर्घटना है, जिससे नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लगातार हो रहे हादसे यह संकेत दे रहे हैं कि ढेरा फाटक मोड़ पर सुरक्षा इंतजाम बेहद जरूरी हैं। सवाल यही है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा। घटना के समय सभी घायल दमोह जिले के पिपरिया गांव से रिश्तेदारी में पन्ना जिले के अधराड़ जा रहे थे। हादसे के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बाकल स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में थान सिंह उर्फ तोड़ल सिंह गोंड (35), शान उर्फ थाना सिंह (13), ओंमकार गौंड उर्फ जीवन गौंड (25) और साहब सिंह गौंड उर्फ तिलक सिंह (20)। सभी निवासी ग्राम पिपरिया, थाना जबेरा, जिला दमोह के हैं। ग्रामीणों के अनुसार ढेरा फाटक का यह मोड़ पूरी तरह ब्लाइंड है। सामने से आने वाले वाहन आखिरी समय तक दिखाई नहीं देते। इसके अलावा सड़क किनारे बनी इरिगेशन पुलिया खुली हुई है, जिस पर न तो रेलिंग है और न ही कोई सुरक्षा कवर। ऐसे में जरा सी चूक भी बड़े हादसे में बदल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो स्पीड ब्रेकर बनाए गए और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पुलिया को कवर किया जाए, अंधे मोड़ पर स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टिव संकेत लगाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

माइनिंग कैपिटल बनेगा जिला, 50 हेक्टेयर डोलोमाइट क्षेत्र आरक्षित

राज्य शासन ने लिया निर्णय, बढ़ेगा खनिज राजस्व

नवभारत, कटनी। जिला अब अपनी भौगोलिक सीमाओं को लांघकर वैश्विक मानचित्र पर माइनिंग हब के रूप में उभर रहा है। 20 से अधिक प्रकार के बेशकीमती खनिजों की उपलब्धता और रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि के साथ कटनी अब प्रदेश की खनिज राजधानी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। जिला प्रशासन की सक्रियता से यहां न सिर्फ औद्योगिक निवेश को गति मिल रही है, बल्कि रोजगार के नए द्वार भी खुल रहे हैं। हाल ही में राज्य शासन ने जिले की बड़वारा तहसील के बड़ेरा और बचरबाड़ा ग्राम में एक बड़ा निर्णय लिया है। यहां 50 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तीन बड़े डोलोमाइट ब्लॉक्स को माइनिंग कार्पोरेशन के पक्ष में आरक्षित किया गया है। इस कदम से जिले में खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना और भारी निवेश की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। जिले की भूमि के गर्भ में चूना पत्थर, डोलोमाइट, बॉक्साइट, मार्बल और आयरन ओर जैसे खनिजों का भंडार तो पहले से ही था, लेकिन अब विभागीय अन्वेषणों में यहां सोना और कोयले के नवीन भंडार भी मिले हैं। यह खोज भविष्य में जिले की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन और बेहतर प्रबंधन का परिणाम शासन के खजाने में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पिछले वर्षों की औसत आय 100 करोड़ रुपए से बढ़कर अब 160 करोड़ रुपए वार्षिक के पार पहुंच गई है। प्रशासन का जोर अब सिर्फ उत्खनन पर नहीं, बल्कि खनिज के शत-प्रतिशत स्थानीय उपयोग और नई औद्योगिक इकाइयां लगाने पर है। तकनीक के जरिए पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत किया है।

बड़वारा रोड पर स्थापित आधुनिक ई-चेक गेट से वाहनों के दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच की जा रही है। माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के माध्यम से अवैध खनन पर प्रभावी लगाम लगाई गई है।

खेत तालाब योजना से बदली किसान की तकदीर

फसलों की बेहतर पैदावार के लिए मिल रहा पर्याप्त पानी

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वसुधा के ग्राम चिरौंहला में एक किसान की मेहनत और सरकारी योजना के सही उपयोग ने खेती की तस्वीर ही बदल दी है। ग्राम चिरौंहला निवासी किसान उमाकांत तिवारी ने बताया कि पहले उन्हें अपनी जमीन से सिर्फ एक ही फसल मिल पाती थी, जिससे आमदनी सीमित रहती थी और परिवार का भरण-पोषण मुश्किल होता था। लेकिन जब से उन्हें खेत तालाब योजना का लाभ मिला है, तब से उनकी खेती में बड़ा बदलाव आया है। खेत में बनाए गए तालाब से अब उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाता है। पहले जहां पानी की कमी के कारण फसलें प्रभावित होती थीं, वहीं अब वे साल में दो फसलों की बेहतर पैदावार कर रहे हैं। गर्मी में जब आसपास के जंगल क्षेत्रों में जल स्तर काफी नीचे चला जाता है, तब भी उमाकांत तिवारी के खेत में पानी भरपूर मात्रा में उपलब्ध रहता है। खेत तालाब का ही प्रभाव है कि उनकी फसलें सूखे की मार से बची रहती हैं।

पर्यटन और पुरातत्व को बढ़ावा देने बैठक आज

नवभारत, कटनी। जिले के प्रमुख स्मारकों और पर्यटन स्थलों को बढावा दिए जाने, पर्यटन की संभावनाएं तलाशने, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों, अन्य विषयों पर चर्चा के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सोमवार 4 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जबलपुर द्वारा जिले में कराए जा रहे कार्यों, पुरातत्व अभिलेखागार, संग्रहालय द्वारा जिले में कराए जा रहे कार्यों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

जल्द मिलेगा नर्मदा जल, नहर स्थल पहुंचीं आयुक्त

नगर निगम आयुक्त ने किया नहर परियोजना का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बरगी दायीं तट मुख्य नहर से कटनी शहर के लिए प्रस्तावित पेयजल आपूर्ति परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम घिनौची के समीप उस स्थल को देखा, जहां से नहर का पानी कटनी नदी तक पहुंचाए जाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घिनौची नाला कच्चा होने के कारण संभावित जल रिसाव और पानी की बर्बादी को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से समुचित कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने नाला के पक्कीकरण, पाइपलाइन बिछाने, आवश्यक ड्राइंग-डिजाइन तैयार करने, तकनीकी परीक्षण कराने के निर्देश दिए, ताकि टनल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नहर से छोड़ा गया पानी बिना किसी बाधा के कटनी नदी तक पहुंच सके। निगमायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य शहरवासियों को नर्मदा जल के रूप में स्थायी, सुरक्षित और सुगम पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके लिए निगम के संबंधित अधिकारी एनवीडीए के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूरा कराए ताकि शहरवासियों को पेयजल सुविधा का लाभ प्रभावी रूप से प्राप्त हो सके। नगर निगम आयुक्त ने आने वाले दिनों में बारिश के दौरान जलभराव, जल निकासी और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ कई स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने वर्षा पूर्व तैयारियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नागरिक सुविधाओं से संबंधित सभी आवश्यक कार्य समय -सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा शहर के विभिन्न बड़े नालों बिलहरी रोड स्थित नाले, कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने से निकलकर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने मिलने वाले नाले से बरगवां स्थित नाले सहित अन्य नालों का निरीक्षण कर पानी निकासी की व्यवस्था करने और नालों की सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय वार्ड दरोगाओं, स्वच्छता निरीक्षकों को दिए। निरीक्षण के दौरान जल निकासी मार्गों और संभावित जलभराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों को देखा गया। उन्होंने नालों की साफ-सफाई, जल प्रवाह की स्थिति, अतिक्रमण, अवरुद्ध मार्गों और अन्य बाधाओं का निरीक्षण किया। नगर निगम अधिकारियों को बारिश के पहले सभी प्रमुख नालों की सफाई कार्य कराने कहा गया है। जलभराव संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी करने के लिए कहा। पिछले वर्ष अतिवृष्टि के दौरान प्रभावित हुए क्षेत्रों झिंझरी स्थित संतोषी माता मंदिर, बरगवां स्थित शर्मा गुड्स ट्रांसपोर्ट सर्विस के पास का भी निरीक्षण कर स्थानीय निवासियों से चर्चा की और जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया चिन्हित स्थानों पर स्थायी समाधान के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जा रही है। संतोषी माता मंदिर के पास जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए प्राइवेट प्लाट से पाइप लाइन निकालने की बात कहे जाने पर निगमायुक्त ने प्लाट मालिक से चर्चा कर इस दिशा में ठोस कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि नगर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित किए जाएं, जिससे वर्षा काल के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। निगमायुक्त ने कटाएघाट पहुंचकर वहां प्रयागराज से आई आई ट्रेश क्लीनर मशीन से किए जा रहे नदी सफाई कार्य का जायजा लिया। नदी सफाई कार्य के निकलने वाली चोई और अन्य अपशिष्ट के उठाव कार्य को भी तेज गति से करने के निर्देश दिए आयुक्त ने दिए है।

अभियान

नदी से हटाई जा रही जलकुंभी और प्लास्टिक अपशिष्ट, जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत कराया जा रहा कार्य

गंगा नदी की तर्ज पर क्लीनर मशीन से कराई जा रही जीवनदायिनी की साफ-सफाई

नवभारत, कटनी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर की जीवनदायिनी कटनी नदी के संरक्षण, संवर्धन और स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ट्रैश क्लीनर मशीन से नदी सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नदी में जमा जलकुंभी, प्लास्टिक अपशिष्ट की समस्या से प्रभावित नदी की सफाई कराकर उसे पुनर्जीवित करने की दिशा में पहली बार अत्याधुनिक मशीनी तकनीक का उपयोग करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महानगर पालिका से अत्याधुनिक ट्रैश क्लीनर मशीन लाकर कटाए घाट स्थित कटनी नदी में सफाई कार्य कराया जा रहा है। मशीन नदी की सतह पर तैरते कचरे, जलकुंभी का साफ कर रही है। नगर निगम द्वारा नदी के कटाएघाट क्षेत्र से सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है, कटाएघाट की सफाई के बाद गाटर घाट की सफाई कराई जाएगी। अभियान के दौरान नदी में जमा जलकुंभी और ठोस अपशिष्ट को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाने का कार्य किया जा रहा है। इससे नदी की जल धारण क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ आगामी वर्षाकाल में जलभराव की समस्या के नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि नदी शहर की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहर है, इसके संरक्षण के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान से नदी के स्वरूप में सकारात्मक परिवर्तन आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निगम प्रशासन प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन के प्रयास किया जा रहे है। जिसके तहत अब तक नगर के विभिन्न स्थलों के लगभग 603 लीकेज सुधार के साथ ही 17 सार्वजनिक कुओं की सफाई, 22 स्थलों पर सोक पिट का निर्माण, नगर के 18 स्थलों पर सार्वजनिक प्याऊ का संचालन, विभिन्न 719 स्थलों से जल गुणवत्ता परीक्षण के साथ ही जल स्त्रोतों के आस पास की सफाई का कार्य लगातार जारी है। नदी तटों घाटों, जलस्त्रोतों के आस पास स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। शहरवासियों से कहा गया है कि नदी, घाटों सहित अन्य जल स्त्रोतों में कचरा नहीं डालें और जल संरक्षण में सहयोग करें।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024